रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Email Id- registrarprsu@gmail.com *Phone No. 0771-2262540*

क्रमांक / 1835 / परीक्षा / 2020 रायपुर, दिनांक 19 / 09 / 2020

छात्र / छात्राओं में प्रसारणार्थ
21.9.2020
Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

(वर्ष 2019–20 की मुख्य / सेमेस्टर परीक्षा / असाइनमेंट हेतु उत्तर–पुस्तिका प्राप्त करने एवं जमा करने के संबंध में)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की वार्षिक परीक्षा 2019–20 की शेष परीक्षा / असाइनमेंट में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के उत्तर–पुस्तिका वितरण एवं इनके संग्रहण के संबंध में दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक 1767 / परीक्षा / 2020 रायपुर, दिनांक 10 / 09 / 2020 को जारी किए गए थे। आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के पत्र क्रमांक 204 / आउशि / 2020, दिनांक 17 / 09 / 2020 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा एवं अंकसूची के संबंध में पुनः पत्र जारी किया गया है। विश्वविद्यालय के द्वारा दिनांक 10 / 09 / 2020 को जारी किए गए दिशा–निर्देश / प्रक्रिया में कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए शासन के निर्देशों का कुछ महाविद्यालय द्वारा पूर्णतः पालन नहीं किया गया। ऐसी परिस्थिति में संक्रमण से बचाव के निर्देशों का पालन अनिवार्य है। अतः विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्व में जारी की गई प्रक्रिया में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

A. उत्तर–पुस्तिका का ऑनलाईन वितरण :–

1. परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ (कवर पेज) को विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in एवं www.prsuuniv.in से डाउनलोड करेंगे। उत्तर–पुस्तिका के मुखपृष्ठ के साथ परीक्षार्थी ए–4 आकार का कागज अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग कर स्टेपल / टैगिंग करें।
2. उत्तर ए–4 साईज पेपर में लिखा जाना होगा। छात्र उत्तर लिखने के लिए अधिकतम 32 पृष्ठ तक उपयोग करें।
3. सभी परीक्षा–केंद्र परीक्षार्थियों को उत्तर–पुस्तिका का मुखपृष्ठ E-mail/WhatsApp से भी प्रेषित करेंगे। परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका का मुखपृष्ठ का प्रारूप ए–4 साईज के पेपर पर स्वयं भी पेन से बना सकते हैं।
4. जिन परिक्षार्थियों ने महाविद्यालय / परीक्षा–केंद्र से उत्तर–पुस्तिका प्राप्त कर ली है, वे उत्तर–पुस्तिका का उपयोग उत्तर लिखने के लिए करेंगे।
5. प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग–अलग उत्तर–पुस्तिका का उपयोग किया जाना है।

B. परीक्षार्थी द्वारा उत्तर–पुस्तिका जमा करने संबंधी :–

1. परीक्षार्थी अपनी अंतिम परीक्षा समाप्त होने के बाद 05 दिवस के अंदर समस्त उत्तर–पुस्तिकाओं को एक साथ बंद लिफाफा में अपने परीक्षा–केंद्रों में स्पीड–पोस्ट, डाक, कोरियर अथवा ईमेल के माध्यम से भेजेंगे।
2. डाक से भेजे जाने वाली उत्तर–पुस्तिका के लिफाफे पर परीक्षार्थी अपना नाम, कक्षा का नाम, अपना रोल नंबर, नामांकन नंबर एवं उत्तर पुस्तिका की संख्या स्पष्ट रूप से लिखेंगे।

नाम	
कक्षा	
रोल नंबर	
नामांकन नंबर	
उत्तर–पुस्तिका की संख्या	

3. परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा–केंद्र के ही पते पर अथवा E-mail पर ही लिखित उत्तर–पुस्तिका को प्रेषित करें।
4. ईमेल से प्रेषित उत्तर–पुस्तिकाओं की हार्डकॉपी को परीक्षार्थी द्वारा संबंधित परीक्षा–केंद्र में डाक से भेजना अनिवार्य है।

C. प्रश्न–पत्र एवं परीक्षा संबंधी :–

विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारणी अनुसार परीक्षा–केंद्र Email/WhatsApp के द्वारा परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र प्रेषित करेंगे। साथ ही प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.prsu.ac.in एवं www.prsuuniv.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

D. सामान्य निर्देश :–

1. घोषित समय–सारणी अनुसार **स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के स्वाध्यायी/भूतपर्व/पूरक, स्नातक अंतिम वर्ष के नियमित/स्वाध्यायी/भूतपर्व/पूरक, स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के स्वाध्यायी, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं एकवर्षीय पाठ्यक्रम के नियमित तथा सेमेस्टर परीक्षा (अंतिम सेमेस्टर) के नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी के छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे।**
2. स्नातक प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष/बीपीई तृतीय वर्ष के **नियमित विद्यार्थियों को असाइनमेंट, संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला के द्वारा दिया जाएगा।**
3. **असाइनमेंट विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारणी के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों के द्वारा दिया जाएगा।**
4. **परीक्षा/असाइनमेंट के लिए पूर्व में घोषित समय–सारणी यथावत् रहेगी।**

आदेशानुसार,

[signature] 19.9.20

कुलसचिव

छात्र/छात्राओं में प्रसारणार्थ

[signature] 21-9-2020

Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)